Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 12-05-2005

Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai

an>

Title: Need to improve the mobile phone connectivity of BSNL in Balsad Parliamentary Constituency, Gujarat.– Laid.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : महोदय, मेरे संसदीय बलसाड़ क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड ने 46 टॉवर लगा रखे हैं किंतु एक भी टावर ऐसा नहीं है जिसकी रेंज एक किलोमीटर से अधिक हो। एक किलोमीटर या उससे भी कम पर मोबाइल फोन की कनैक्टिविटी नहीं रहती है, जिसके फलस्वरूप यहां के 5000 से भी अधिक उपभोक्ता बहुत परेशान हैं। वे बार बार संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत करते आ रहे हैं, किंतु अभी तक उनकी समस्या का कोई हल नहीं हो पा रहा है।

महोदय, मंत्री महोदय का मैं बहुत आभारी हूं कि उन्होंने वगइ, अहवा और वसदा में मेरे अनुरोध पर तीन टॉवर बनवाये। इन तीनों टॉवरों में भी चालू होने के एक दो महीने तक तो सब ठीक चला, किंतु उसके बाद कनैक्टिविटी की समस्या शुरू हो गयी और उपभोक्ता परेशान हैं।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में मोबाइल फोन की जो दूसरी प्राइवेट कंपनियां काम कर रही हैं, उनके उपभोक्ता इस प्रकार की समस्या से कभी परेशान नहीं होते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस मामले की पूरी जांच करायी जाये और उन कारणों का पता लगाया जाये जिसकी वजह से उपभोक्ता कनैक्टिविटी की समस्या से छुटकारा पायें और इसके लिए दोाी अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।